प्रेस नोट

दिनांक 21.08.2024

साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर ।

पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में आज दिनांक 21.08.2025 को रिज़र्व पुलिस लाइन, जनपद हमीरपुर में एक दिवसीय साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के समस्त थानों से नामित उपनिरीक्षक, विवेचक एवं आरक्षीगण के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें Cy-train के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को साइबर अपराधों की रोकथाम, डिजिटल तकनीकी विधियों का प्रयोग, सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने की प्रक्रिया, डिजिटल साक्ष्यों के संकलन/संरक्षण की विधि तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सतर्कता उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को आधुनिक तकनीक एवं साइबर अपराधों से निपटने हेतु सक्षम एवं दक्ष बनाना है, ताकि जनपद में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।